एक नजर में

भाविप विक्रमादित्य ने स्थापना दिवस मनाया

उज्जैन। भारत विकास परिषद विक्रमादित्य के स्थापना दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करते हुए मातृशक्ति द्वारा बसंत विहार कॉलोनी के बगीचे में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ धरती के नाम संदेश के तहत हुए इस आयोजन में सदस्यों ने सपरिवार भागीदारी कर धरती को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पीपल, नीम और बरगद जैसे देववृक्षों सहित विभिन्न औषधीय, छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शुभम, डॉ. राहुल नागर और गायत्री पाटीदार ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति की रक्षा ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। कार्यक्रम संयोजिका सरिता पाटीदार, उषा शर्मा और विद्या पाठक ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष स्थापना दिवस पर बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जाता है। इसी क्रम में यह 10वां आयोजन था। इस पुनीत कार्य में माया शर्मा, तनु शर्मा, डॉ. सीपी पाटीदार, भगवान शर्मा, डॉ. सुनील शर्मा, वासुदेव सोनी, रुद्रेश शर्मा, कास्वी नागर और प्रसंग पाटीदार का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता पाठक ने किया तथा आभार माना गया।

स्कूल परिसर में लगा नि:शुल्क मेडिकल कैंप

उज्जैन। सब्जी मार्केट स्थित जामा मस्जिद परिसर में जामेआ इस्लामिया हायर सेकेंडरी स्कूल मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी द्वारा रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी वसीम मोहम्मद एवं लालू चाचा ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा भाव के साथ इस निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना नजीर अहमद, शाही मस्जिद के इमाम मौलाना इब्राहिम, हजरत गब्बू बाबा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, फैज मोहम्मद, शकील सर, ज़ाहिद हुसैन, डॉ. हुसैन तथा जुबैर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का संस्था की ओर से शॉल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। शिविर में अमृत हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, इंगोरिया के चिकित्सकों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के ऑपरेशन भी अस्पताल के सहयोग से नि:शुल्क किए जाएंगे। मुकेश भाटी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने व्यस्त समय में भी जरूरतमंद लोगों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर सराहनीय कार्य किया है।

लायंस क्लब उज्जयिनी ने लगाए 50 पौधे

उज्जैन। लायंस क्लब उज्जयिनी द्वारा नए सत्र की प्रथम पर्यावरण संरक्षण सेवा गतिविधि के तहत 5 जुलाई को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर स्थित शलाका वाटिका में 50 पौधे रोपे गए। यह आयोजन क्लब अध्यक्ष लायन अरविंद गुमास्ते द्वारा अपने पिता स्व. माधव राव गुमास्ते की पावन स्मृति में वृक्ष मित्र लायन अजय भातखंडे के सहयोग से प्रायोजित किया गया। अरविंद गुमास्ते ने कहा कि पौधरोपण एक अत्यंत पुनीत कार्य है। वर्तमान और भावी पीढ़ी के स्वस्थ जीवन के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना तथा उनका संरक्षण करना आज की महती आवश्यकता है। इस अवसर पर शिव बंसल, विजय श्रीवास्तव और राजेंद्र गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही राजेंद्र सिरोलिया, रवींद्र पेंढारकर, डॉ. विजय गर्ग और वृक्ष मित्र परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

महाकाल सवारी से पहले मार्ग दुरुस्त करने की तैयारी

रामघाट मार्ग पर भी फोकस, हरी फाटक सड़क और ब्रिज निर्माण में तेजी

उज्जैन। हरसिद्धि पाल से रामघाट तक निर्माणाधीन मार्ग सिंहस्थ में श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा. लगभग 4 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से इस मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। बाबा महाकाल की पहली सवारी से पहले रिटर्निंग वॉल का निर्माण पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है।

सिंहस्थ-2028 महापर्व की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अमला लगातार मैदान में सक्रिय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शहर में श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात प्रबंधन और दीर्घकालीन शहरी विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासन का फोकस इस बात पर है कि सिंहस्थ के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर और सुगम सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

रामघाट पहुंच मार्ग महाकाल सवारी के लिए तो जरूरी है ही, सिंहस्थ के दौरान भी श्रद्धालुओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल रहेगा। इसी को देखते हुए वैकल्पिक मार्गों पर आवागमन प्रभावित न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का मानना है कि मार्ग चौड़ीकरण से न केवल सिंहस्थ के दौरान भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी, बल्कि भविष्य में शहर की यातायात व्यवस्था भी अधिक सुगम होगी। इसके अलावा पुराने महाकाल थाना क्षेत्र स्थित प्राचीन महाकाल द्वार के समीप निर्माणाधीन मार्ग का भी सिंहस्थ मेला अधिकारी और संभाग आयुक्त आशीष सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। श्रावण मास में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मार्ग निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। ढाबारोड़ से सत्यनारायण मंदिर तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य में भी तेजी लाने पर जोर दिया गया।

हरी फाटक पहुंचे अफसर-संग्रहालय की कीर्ति

सिंह द्वारा सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत हरि फाटक ओवरब्रिज के समानांतर बनाए जा रहे नए ब्रिज निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। निर्माण में बाधा बन रही संरचनाओं को हटाकर कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन का मानना है कि यह ब्रिज सिंहस्थ के दौरान यातायात दबाव को कम करने और श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उज्जैन की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से विक्रम कीर्ति मंदिर स्थित पुरातत्व संग्रहालय का आधुनिक स्वरूप में विकास किया जा रहा है।

भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी उज्जैन संभाग की प्रभारी लता वानखेड़े ने रविवार को उज्जैन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर कालिदास अकादेमी में आयोजित स्मरण पखवाड़े के तहत जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 में पश्चिम बंगाल में हुआ शुरू से ही वे प्रतिभावान थे 30 वर्ष की उम्र में यह युवा होकर कोलकाता यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर बने। कार्यकर्ता सम्मेलन को प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, भाजपा के वरिष्ठ नेता बंशीलाल गुर्जर ने भी संबोधित किया।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में उमेशनाथ महाराज, बंशीलाल गुर्जर, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, संजय अग्रवाल, प्रभुलाल जाटवा, बजरंगलाल पुरोहित, मुकेश यादव, रूप पमनानी, राजेन्द्र भारती, विवेक जोशी, धनंजय शर्मा, राकेश पंड्या, विवेक गुप्ता, आनन्दसिंह खींची सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन नगर उपाध्यक्ष उमेश सेंगर ने किया। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

रोटरी क्लब ने पौधारोपण कर किया

उज्जैन। रोटरी क्लब उज्जैन ने रविवार 5 जुलाई को बड़नगर रोड स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर पर वसुंधरा हरियाली संस्था के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इसी के साथ क्लब के नए रोटरी वर्ष 2026-27 की शुरुआत की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में आम, जामुन एवं रुद्राक्ष के पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में आश्रम के महामंडलेश्वर प्रेमानंद पुरी स्वामी महाराज और महामंडलेश्वर आनंदी का सान्निध्य मिला। सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण और भविष्य में भी निरंतर पौधारोपण करने का संकल्प लिया। आयोजन में रोटेरियन केके पवार एवं अजय शर्मा की सक्रिय सहभागिता रही।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. केतन सिलवरिया, सचिव सुरेश शर्मा, तत्कालीन अध्यक्ष व उज्जैन श्री परशुराम कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे, पूर्व मंडलाध्यक्ष रवि लंगर, पूर्व सचिव उरूसा हाशमी, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी और पंडित योगेश शुक्ला उपस्थित थे।

इनके अलावा रोटेरियन मुकेश जौहरी, धीरिश पारिख, शाहिद हाशमी, डॉ. अनूप निगम, डॉ. विमल गर्ग, हरिहर शर्मा, जाग्रति शर्मा, स्वाति तैलंग सहित वसुंधरा हरियाली और पर्यावरण प्रेमी संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बेटी के निकाह में शामिल होने अहमदाबाद बम ब्लास्ट का आतंकी पहुंचा उज्जैन

उज्जैन। 17 साल पहले अहमदाबाद में हुए सीरियल बम ब्लास्ट का आतंकी बीती रात कड़ी सुरक्षा में उज्जैन पहुंचा। सोमवार सुबह उसे फिर से अहमदाबाद ले जाया जाएगा। बेगमबाग क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से पुख्ता रखी गई है।

वर्ष 2008 में अहमदाबाद में सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। स्पेशल टॉक्स फोर्स की टीम ने देश भर से आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। कुछ आतंकी उज्जैन के भी शामिल थे। करीब 49 से अधिक आतंकियों को सजा हुई है। उज्जैन के भी दो आतंकवादी अहमदाबाद की साबरमती जेल में सजा काट रहे हैं। शनिवार रात एक आतंकी अबरार पिता बाबू खान को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उज्जैन लाया गया है। अबरार बेगम बाग क्षेत्र का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि रविवार को उसकी बेटी का निकाह था जिसमें शामिल होने के लिए वह उज्जैन पहुंचा। अहमदाबाद की पुलिस उसे कड़ी सुरक्षा में लेकर आई है। रविवार शाम बेटी का निकाह हुआ है सोमवार सुबह 6 बजे आतंकी को वापस अहमदाबाद ले जाया जाएगा। आतंकी पर नजर रखने के लिए महाकाल थाना और पुलिस लाइन का बाल भी बेगम बाग क्षेत्र में तैनात थे।

सुसाइड नोट में थे पत्नी-सास के नाम, पुलिस ने दर्ज किया केस

उज्जैन। शादी के चार माह बाद यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। फंदा गले में डालने से पहले 8 से 10 पेज का सुसाइड नोट लिखा था। पुलिस ने जांच के बाद मामले में पत्नी सास और एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आगर जिले के नलखेड़ा में रहने वाला राहुल पिता रामकरण सूर्यवंशी 27 साल उज्जैन के नागझरी स्थित न्यू इंदिरा नगर में किराए का मकान लेकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। 10 फरवरी 2026 को उसकी मन्नत उर्फ कविता से शादी हुई थी। 16 जून 2026 को दोस्त घर पहुंचा तो राहुल ने दरवाजा नहीं खोला। खिड़की से देखने पर राहुल फंदे पर लटका दिखाई दिया। दोस्त सुभाष ने पुलिस को सूचना दी और खिड़की तोड़कर फंदे शव को नीचे उतारा। पुलिस जांच में राहुल के कमरे से 8 से 10 पेज का सुसाइड नोट मिला था। नागझिरी पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की थी। 17 दिन की जांच के बाद पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है। सुसाइड नोट में मृतक राहुल ने अपनी शादी के 4 माह की पूरी दास्ता लिखी थी। जिसमें अपनी पत्नी कविता उर्फ मन्नत के सास सिद्धिका कामरिया पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे वही सास के परिचित पर भी उसकी हत्या की साजिश रचने का उल्लेख सुसाइड नोट में किया था। सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भादवा माता का प्रसाद देने पहुंचे वृद्ध को लगा करंट, मौत

- भैरुपुरा में रहने वाले अपने परिचित के यहां पर पहुंचे थे प्रसाद देने

उपचार के लिए उज्जैन लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया

उज्जैन। परिचित के यहां भादवा माता का प्रसाद देने पहुंचे वृद्ध को करंट लग गया। उन्हें उपचार के लिए उज्जैन लाया गया लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

कायथा में रहने वाले 60 वर्षीय चंद्रशेखर पिता श्याम राव निगम भादवा माता गए थे जहां से लौट के बाद ग्राम भैरूपुरा में रहने वाले परिचित सेवाराम अंजना के यहां भादवा माता का प्रसाद देने के लिए बबलू पटेल के साथ पहुंचे थे। प्रसाद देने के बाद वापस लौटते समय सेवाराम अंजना के घर से बाहर आए और वहां लगा तार छू लिया। जिसमें बिजली के खुले तार लगते थे करंट लगने से चंद्रशेखर खंभे से चिपक गए। बबलू पटेल और सेवाराम अंजना ने इलेक्ट्रिक लाइन बंद कर उन्हें खंबे से अलग किया और उपचार के लिए उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन वृद्ध चंद्रशेखर की मौत हो चुकी थी।

सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि चंद्रशेखर गांव की सोसाइटी में सेल्समैन का काम करते थे उन्होंने अपनी जमीन बताई पर बबलू पटेल को दे रखी थी वह दो बच्चों के पिता थे। स्थानीय पुलिस मामले की जांच करता थाना पुलिस को भेजेगी।

तबीयत बिगड़ने के बाद होमगार्ड सैनिक की मौत

उज्जैन। होमगार्ड डिविजनल कार्यालय में तैनात सैनिक को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां रात 9 बजे सैनिक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। घटना के बाद होमगार्ड लाइन में माहौल गमगीन हो गया था। देवास रोड स्थित होमगार्ड लाइन में रहने वाले 55 वर्षीय छगनलाल पिता शोभाराम बीती शाम डिविजनल कार्यालय में संत्री पहरे पर तैनात थे। अचानक उन्हें घबराहट हुई और सीने में दर्द उठा। उनकी हालत बिगड़ती देख होमगार्ड कार्यालय में तैनात सैनिकों और अधिकारियों ने उन्हें सीपीआर दिया और तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां कुछ देर बाद रात 9 बजे के लगभग सैनिक छगनलाल की मौत हो गई। होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट ने बताया कि छगनलाल वर्ष 1995 से अपनी सेवा दे रहे थे। परिवार में 4 बच्चे हैं। वह मूलरूप से तराना तहसील के ग्राम कनासिया के रहने वाले थे। उनके निधन से कार्यालय में माहौल गमगीन हो गया। पोस्टमार्टम के बाद उनकी अंतिम यात्रा में होमगार्ड कार्यालय के कई सैनिक और अधिकारी शामिल होने के लिए पहुंचे।

सेवा से मुस्कान लाना ही सच्चा लायनवाद, शपथ ग्रहण में बोले अतिथि

उज्जैन। शशांक दुबे को लायंस क्लब ऑफ अवंतिका का नया अध्यक्ष चुना गया है। समारोह में बैतूल से आए एमजेएफ लायन परमजीत सिंह बग्गा और एमजेएफ लायन रवींद्र कौर बग्गा ने नवीन कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यकारिणी में शशांक दुबे ने अध्यक्ष, पंकज भटनागर ने सचिव, धर्मेंद्र परिहार ने कोषाध्यक्ष और शरद शर्मा ने उपाध्यक्ष पद की शपथ ली।

पदभार ग्रहण करने के बाद अपने प्रथम अध्यक्षीय उद्बोधन में शशांक दुबे ने कहा कि लोग आपको इस बात के लिए याद नहीं रखते कि आपने उनसे क्या कहा या क्या किया, बल्कि वे इस बात के लिए याद रखते हैं कि आपने उन्हें कैसा महसूस कराया। सच्ची सेवा के माध्यम से किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना ही वास्तविक लायनवाद है। समारोह की अध्यक्षता रवि श्रीमाली ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रीजन चेयरपर्सन दिनेश राठौड़, जोन चेयरपर्सन दीपक दास, लायंस ऑफ उज्जैन गौतम शर्मा, चार्टर अध्यक्ष प्रफुल्लजैन और सुशील पोरवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वरिष्ठ सदस्यों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर क्लब के विभिन्न सदस्यों को उनके विशेष सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ लायन सदस्य गोविंद गोयल, बीके खंडेलवाल, अजय जैन, डॉ. विजय गर्ग, गुलशन नाटाणी, राकेश बिंदल, शैलेंद्र राठी और डॉ. दीपक जैन शामिल रहे। संचालन कवि अशोक भाटी ने किया तथा आभार पंकज भटनागर ने माना।

तीजन बाई के निधन पर जताई शोक संवेदना

उज्जैन। प्रसिद्ध पंडवानी लोक गायिका और देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित तीजन बाई का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से देश भर में कला प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई है। तीजन बाई के निधन पर समाजसेवी मिलिंद पन्हाल्कर ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने तीजन बाई के साथ अपने जुड़ाव को याद किया और बताया कि उन्हें पूर्व में तीजन बाई से भोपाल में मध्य प्रदेश पर्यटन होटल में मुलाकात कर उनका ऑटोग्राफ लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। पन्हाल्कर ने कहा कि पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का जाना कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

भाजपा अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य का किया स्वागत

- भाजपा के लोकशक्ति कार्यालय पर
- बूथ स्तर को मजबूत बनाने पर जोर

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो के उज्जैन आगमन पर भाजपा लोक शक्ति कार्यालय में भव्य स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया गया। नगर जिला अध्यक्ष जितेंद्र भाटी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता तथा अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में दुर्गेश मालवीय, आदर्श मकवाना, राजकुमार मालवीय, बालमुकुंद मीना, मनोज मालवीय, अजय जाटव, अनिल शेर, रवि बिजोरिया, रामगोपाल वाडिया, मनोज धवन, तपन वासेन, शुभम मरमट, निर्मल मालवीय, कमल फतरोड, शेषनारायण मालवीय, प्रीतम मालवीय, रोहन गिरिजे, राहुल भाटिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

4 साल पहले रोपे थे बीज, अब बेलपत्र के पौधों का मनाएंगे जन्मदिन

- हिरदेश्वर महादेव मंदिर में 7 जुलाई को होगा आयोजन, शिव मंदिरों के परिसर में भी रोपे जाएंगे पौधे

उज्जैन। पूज्य गोपाल राव सोनोने सेवाश्रम के तत्वावधान में 7 जुलाई को बेलपत्र के पौधों का चौथा जन्मदिवस मनाया जाएगा। यह आयोजन पंचकोशी यात्रा के प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर स्थित हिरदेश्वर महादेव मंदिर, जीरो पॉइंट ब्रिज के पास होगा। इस अवसर पर चार वर्ष पूर्व संस्था द्वारा रोपे गए बीजों से तैयार पौधों को विभिन्न शिव मंदिरों के परिसर में रोपा जाएगा।

संस्था के संस्थापक महेश सोनोने ने बताया कि विगत 25 वर्षों से बीज रोपण कर पौधे तैयार करने का सेवा कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में वर्ष 2022 में बेलपत्र के 101 बीज रोपे गए थे, जिनका 7 जुलाई को चौथा जन्मदिवस मनेगा। इस वर्ष बेलपत्र के 101, करंज के लगभग 200 और अशोक के 51 बीजों का रोपण भी किया जाएगा। पौधारोपण का यह अभियान सितंबर माह तक निरंतर जारी रहेगा। संस्था अध्यक्ष प्रेम नारायण टाटावत ने बताया कि इस दिन संस्थापक महेश सोनोने का भी जन्मदिन मनाया जाएगा। जो भी श्रद्धालु अपने क्षेत्र में बेलपत्र के पौधे लगाना चाहते हैं, वे संस्था से संपर्क कर पौधे प्राप्त कर सकते हैं।

पूजन के बाद होगा बीज और पौधरोपण लाएंगे

संस्था संचालिका सुनीता सोनोने ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे हिरदेश्वर महादेव जी के पूजन-अर्चन के साथ होगा। पूजन विधि पं. संतोष शर्मा संपन्न कराएंगे। इसके पश्चात सुबह 10 बजे से बीज रोपण और 10.30 बजे से पौधरोपण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील गोपाल बागलवाल, मनोहर परमार, अशोक कपूर, अनुज शर्मा, मूलचंद राठौर, महेंद्र रामी, बाबूलाल मारोठिया और महिला मंडल की श्रीमती गीताबेन रामी, लक्ष्मी लश्करी, सविता शर्मा, राजू बागरवाल, रेखा टाटावत, कविता राय, पिंकी यादव आदि ने की है।

एक नजर में — गत मई माह में ही मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शुरू की थी यह टिकट

काल भैरव में दर्शन टिकट से 45 दिनों में 3 करोड़ से अधिक की आय

उज्जैन। प्रसिद्ध काल भैरव मंदिर में 500 रुपए की दर्शन टिकट से मंदिर समिति को हाल ही के 45 दिनों के दौरान 3 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है। महाकाल के बाद दर्शन टिकट से कमाई करने वाला कालभैरव शहर का दूसरा सबसे बड़ा मंदिर बन गया है। महाकाल मंदिर में भी 250 रुपए की शीघ्र दर्शन टिकट से समिति को करोड़ों की आय होती है।

उसी प्रकार कालभैरव मंदिर समिति ने भी यहां गत 20 मई को ही वीआईपी दर्शन की टिकट का काउंटर शुरू किया था। 3 जुलाई तक इससे समिति को 3 करोड़ 9 लाख 27 हजार रुपए की आय होने की जानकारी मिली है। मंदिर में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते समिति ने वीआईपी दर्शन टिकट का विकल्प दिया है। ताकि लोग टिकट लेकर अंदर से जाकर जल्दी दर्शन कर सके। मंदिर समिति की प्रबंधक संध्या मार्कंडेय ने बताया वर्तमान में महाकाल मंदिर के बाद सबसे ज्यादा श्रद्धालु अभी कालभैरव में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। गत मई माह में ही समिति ने 500 रुपए की वीआईपी दर्शन की टिकट प्रारंभ की है। समिति को करीब 45 दिनों के अंदर 3 करोड़ रुपए से अधिक आय हुई है।

गुरु मां रेणुका गोस्वामी ने किए महाकाल दर्शन

वृंदावन की गुरु मां रेणुका मां ने रविवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। वे इंदौर में एक कार्यक्रम में भाग लेने आई थी। इस दौरान उज्जैन में उन्होंने देव-दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। रेणुका मां निमाई पाठशाला और सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से आज की युवा पीढ़ी को धर्म व आध्यात्म से जोड़ने का प्रयास कर रही है। वे वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक पुंडरिक महाराज की धर्मपत्नी है। उन्होंने अपने सहयोगियों एवं परिवार के साथ भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।